संख्याः– ई0डी0एन0–एच0ई0(21)बी0(15)15/2021–वी
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

12 DEC 2023

दिनांक शिमला–1 दिसम्बर, 2023

सेवा में

1. समस्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यायल/संस्कृत महाविद्यालय /राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन, हिमाचल प्रदेश।
2. समस्त जिला, उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।

विषयः– **सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाने बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर, पत्र अ0शा0सं:एस0डब्लु0डी0(सी)10–1/2018दिनांक 21 नवम्बर, 2023 **(छायाप्रति संलग्न)** जोकि मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त हुआ है जिसमें सूचित किया गया है कि प्रदेश में इस बार झण्डा दिवस 1 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक मनाया जायेगा।

इस संदर्भ में आपको निर्देश दिए जाते हैं कि अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों/स्कूल प्रमुखों को इस बारे अवगत करवाएं तथा प्रदेश के सैनिकों और उनके परिवारो के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए सशस्त्र सेना के स्मृति झण्डों की खरीद में आगे आकर भूतपूर्व सैनिकों व सेवारत सैनिकों का मनोबल ऊँचा करें तथा साथ ही इस पुण्य अवसर पर यथासम्भव दान देने के लिए उत्साहित करें। एकत्रित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अपने जिला के उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण (झण्डा दिवस निधि) के नाम बनवाकर भेज दिया जाए।

निदेशक, (उच्चतर शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक शिमला दिसम्बर, 2023
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2 को सादर सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ निजि सचिव, माननीय मुख्य सविच, हिमाचल प्रदेश सरकार को उनके कार्यालय के उपरोक्त पत्र के संदर्भ में सादर सूचनार्थ।
3. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को उक्त पत्र को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. रक्षक नस्ति।

निदेशक, (उच्चतर शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

**प्रबोध सक्सेना,** भा.प्र.से.
मुख्य सचिव
हिमाचल प्रदेश सरकार

हिमाचल प्रदेश सरकार

एलर्जली
शिमला - 171 002

**अ0शा0सं0:एस0डब्लु0डी0(सी)10—1/2018**
**दिनांक: शिमला—2, 21 नवम्बर, 2023**

DHE ..........
29 NOV 2023
Gen br

इस वर्ष भी झण्डा दिवस पहले की तरह पूरे देश में 7 दिसम्बर, 2023 को मनाया जा रहा है। परन्तु हमारे प्रदेश में इसे 1 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक मनाया जायेगा। झण्डा दिवस जवानों की पावन स्मृतियों को चिरस्मरणीय एवं अमर बनाता है, जिनके अद्भुत शौर्य, पराक्रम, अमिट त्याग और बलिदान के प्रति हमारा राज्य एवं राष्ट्र कृतज्ञ है।

झण्डा दिवस हमारे प्रदेशवासियों को ऐसा आदर्श वार्षिक अवसर प्रदान करता है, जिस पर वह उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र सेना के प्रति स्नेह दर्शा सकते हैं। झण्डा दिवस निधि का उद्देश्य युद्व विधवाओं, अपंग सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का उत्थान करना है। इस निधि में आपका उदार दान स्वागत योग्य है।

मेरा अनुरोध है कि आप अधीनस्थ समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को इस पुण्य अवसर पर यथासम्भव दान देने के लिए उत्साहित करें। मुझे विश्वास है कि आप प्रदेश के सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए सशस्त्र सेना के स्मृति झण्डों की खरीद में आगे आकर भूतपूर्व सैनिकों व सेवारत सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेंगे।

इस हेतु एकत्रित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट सम्बन्धित जिला के उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण (झण्डा दिवस निधि) के नाम बनवा कर भेज दिया जाये।

भवदीय,

**(प्रबोध सक्सेना)**

1. समस्त विभागाध्यक्ष,
   हिमाचल प्रदेश
2. समस्त जिलाधीश,
   हिमाचल प्रदेश।